अमर उजाला 31/03/2026

100 विद्यार्थियों को मिले प्रमाणपत्र

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में एसआईसी के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स पूर्ण करने वाले 100 विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल और फोकॉलेट के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भविष्य की तकनीक में दक्ष बनाना है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. राजेश गोयल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में ब्रिगेडियर आरके शर्मा (सेवानिवृत्त), फोकॉलेट के सीईओ परवीन बंसल और सचिन मिश्रा शामिल रहे। कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. गुरदेव सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को सिखाना कॉलेज की प्राथमिकता है। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। संवाद